समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी तथा आजमगढ़ में उद्योग की स्थापना

432. **श्री राम सेवक हजारी** : क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी, आजमगढ़ तथा उत्तर बिहार के अन्य जिले औद्योगिक दृष्टि से बहुत पिछड़े हुए हैं ;

(ख) क्या इन जिलों में उद्योगों की स्थापना करने की कोई योजना विचाराधीन है ; और

(ग) यदि हां, तो इन स्थानों पर उद्योगों की स्थापना कब तक हो जाने की आशा है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती आभा माइति): (क) जी हां। किन्तु आजमगढ़ बिहार राज्य का नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश का औद्योगिक दृष्टि से एक पिछड़ा हुआ जिला है।

(ख) उत्तरी बिहार के पिछड़े जिलों में उपक्रम स्थापित करने हेतु वर्ष 1977 व वर्ष 1978 (31-10-1978 तक) में पांच औद्योगिक लाईसेंस जारी किए गए थे। उत्तरी बिहार के पिछड़े क्षेत्रों में स्थापित किए जाने वाले दो उपक्रम तकनीकी विकास के महानिदेशालय में वर्ष 1977 व वर्ष 1978 (31-10-78 तक) पंजीयित थे। जारी किए गए औद्योगिक लाईसेंसों व पंजीकरण प्रभावपत्रों के ब्यौरे संलग्न विवरण में दिए गए हैं।

(ग) उद्योग (विकास एवम् विनियमन अधिनियम, 1951 के अधीन जारी किया गया औद्योगिक लाईसेंस शुरू में दो वर्ष की अवधि के लिए वैध होता है और उसे साधारणतया दो वर्ष की आगे की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है। औद्योगिक लाईसेंस जारी होने के पश्चात नया औद्योगिक उपक्रम स्थापित होने में साधारणतया उसे 4 वर्ष लग जाते हैं। तकनीकी विकास के महानिदेशालय की पंजीकरण योजना के अधीन औद्योगिक एकक को पंजीकरण की तिथि से दो वर्ष के भीतर वाणिज्यिक उत्पादन शुरू करना होता है। अत: इस अवस्था में यह पूर्वकथन समयपूर्व होगा कि उपर्युक्त लाईसेंसों/पंजीकरणों पर कब तक उत्पादन शुरू हो जायेगा।

विवरण

उत्तरी बिहार के पिछड़े क्षेत्रों में औद्योगिक उपक्रम स्थापित करने के लिए 1977 तथा 1978 (31-10-78) जारी किये गये औद्योगिक लाईसेंस तथा पंजीयन (रजिस्ट्रेशन) प्रमाणपत्रों का ब्यौरा:--

औद्योगिक लाईसेंस

क्रम सं०	आवेदन कर्ता का नाम और पता तथा उपक्रम का स्थान	उत्पादन की वस्तु
1	मैसर्स बिहार स्टेट लैदर इन्डस्ट्रीस डवलपमेंट कारपोरेशन लि० पटना (बाटियाह, पश्चिम चम्पारन--बिहार)	तैयार क्रीम अपर चमड़ा
2	बिहार स्टेट लैदर इन्डस्ट्रीस डवलपमेंट का० लि०. पटना (मुजफ्फरपुर--बिहार)	तैयार चमड़ा
3	मैसर्स मोतीलाल पदमपत उद्योग लि०. कानपर (यू०पी०) (पश्चिम चम्पारन--बिहार)	चीनी
4	मैसर्स नार्थ बिहार सुगर मिल्स लि० जिला चम्पारन, बिहार (चम्पारन--बिहार)	चीनी
5	मैसर्स श्री कृष्ण ज्ञानोदय शुगर लि० पटना (सिवान--बिहार)	चीनी

रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र

क्रम सं०	आवेदन-कर्ता का नाम और पता तथा उपक्रम का स्थान	उत्पादन की वस्तु
1	मैसर्स बैजनाथ पेपर मिल्स (प्रा०) लि० एम० जी० रोड, तीसरी मंजिल, कलकत्ता (पुरनिया)	स्ट्रा बोर्ड
2	मैसर्स सिव शम्भु ज्ञान उद्योग लि० 25, नेताजी सुभाष रोड, कलकत्ता (पुरनिया)	विलेय निस्सारण प्रक्रिया द्वारा चावल की भूसी का तेल